उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक 998 / 524 / (2022)अधियाचन / 2022–23 दिनांक 15.07.2022

आवश्यक सूचना

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 09.06.2022 को विज्ञापित विज्ञापन संख्या 01 / 2022 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक एवं 02 / 2022 प्रवक्ता के सापेक्ष शुल्क भुगतान एवं आनलाइन आवेदन के फाइनल सबमिशन सम्बन्धित कतिपय अभ्यर्थियों में भ्रम की स्थिति के दृष्टिगत निम्नानुसार स्थिति स्पष्ट की जाती है :–

1. ससमय आवेदन शुल्क का भुगतान कर चुके अभ्यर्थी आवेदन का दूसरा भाग (Final Submit) एन0आई0सी0 के ई–परीक्षा पोर्टल पर दिनांक 16.07.2022 तक कर सकते है।
2. जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन शुल्क के सफलतापूर्वक भुगतान के उपरान्त भी ई–परीक्षा पोर्टल पर "**Your entered bank name, transaction id/journal no. and date either not matched or your bank details are not available on the website.**" प्रदर्शित हो रहा हो तो ऐसी दशा में अभ्यर्थियों को ई–परीक्षा पोर्टल के होम पेज पर दिये गये लिंक **"Update transaction ID by Double Verification mode"** पर रजिस्ट्रेशन नंबर, जन्मतिथि और लिंग अंकित करते हुए पेमेंट डिटेल्स शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 13.07.2022 तक अपडेट कर सकते थे। (नोट–उक्त का उल्लेख ई–परीक्षा पोर्टल पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित है।)
3. यदि अभ्यर्थी द्वारा आवेदन शुल्क जमा करने पर **"FAILURE"** प्रदर्शित हो रहा था तो अभ्यर्थी द्वारा ई–परीक्षा पोर्टल पर शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि दिनांक 13.07.2022 तक पुनः शुल्क भुगतान किया जा सकता था।
4. आनलाइन आवेदन सम्बन्धित सम्पूर्ण कार्यवाही एन0आई0सी0 के ई–परीक्षा पोर्टल के माध्यम से संचालित है। चयन बोर्ड द्वारा इसमें किसी प्रकार की ऑफलाइन कार्यवाही सम्भव नहीं है।
5. चयन बोर्ड द्वारा विज्ञप्ति दिनांक 02.07.2022 के माध्यम से पूर्व में ही आवेदन करने की अन्तिम तिथियों में एक सप्ताह की वृद्धि प्रदान करते हुये अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक आवेदन करने का पर्याप्त समय दिया जा चुका है।

15-7-22

सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।